**आका□ावाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**भाुक्रवार 22.03.2024**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- अल्मोड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा और हरिद्वार सीट से पार्टी उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने नामांकन पत्र भरा।
- राज्य में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अब तक छह हजार 3 सौ से ज्यादा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।
- प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- राज्यपाल ने दैनिक आहार में मिलेट्स को प्राथमिकता के साथ शामिल करने की जरूरत पर जोर दिया।
-

**भाजपा नामांकन 1**

प्रदेश की अल्मोड़ा और हरिद्वार लोकसभा सीट से आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। अल्मोड़ा से अजय टम्टा ने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन के बाद श्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके लोकसभा क्षेत्र के सीमांत गांवों तक विकास कार्य हुए हैं।

वहीं, भाजपा नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा के पक्ष में जनसभा की। उन्होंने दावा किया कि उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटों से भाजपा जीत हासिल करेगी।

**भाजपा नामांकन 2**

वहीं, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के हरिद्वार लोकसभा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आज डिजिटल माध्यम से अपना नामांकन दर्ज किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरिद्वार में अनेक विकास कार्य किए हैं और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप आगे भी

विकास कार्य जारी रहेंगे। इससे पहले, हरिद्वार की खानपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने भी हरिद्वार लोकसभा सीट से अपना नामंकन दर्ज करवा चुके हैं। वहीं, कांग्रेस ने अभी प्रदेश की किसी भी सीट से नामांकन नहीं किया है। गौरतलब है कि उत्तराखण्ड की पांचों लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

**नमामि बंसल पीसी**

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य की संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने आज देहरादून में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि अब तक 6 हजार 357 के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ऐसी कार्रवाई करने वाला उत्तराखंड, केरल के बाद दूसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 83 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इनमें से 71 लाख से ज्यादा मातदाताओं को व्हटसऐप ग्रुप से जोड़ा गया है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 60 हजार से अधिक मतदान कार्मिकों के लिए वैलफेयर ऑफिसर की नियुक्ति की गई है।

**मतदाता जागरुकता 1**

प्रदेशभर में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसे मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और ले जाने के लिए डोली, कंडी, घोड़ा, खच्चर आदि का प्रबंध किया जा रहा है। इसी कड़ी में बागेश्वर की जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने दिव्यांगजन और 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं को दी जाने वाली विशेष सुविधाओं के प्रचार–प्रसार के लिए आज प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ दिव्यांगजन और बुजुर्ग मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, डोली और वाहन व्यवस्था के अलावा स्वयं सेवकों की तैनाती की जानकारी उपलब्ध कराएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से सक्षम ऐप भी बनाया है। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट अवश्य करने की अपील भी की। गौरतलब है कि बागेश्वर जिले की दोनों विधानसभाओं में 2 हजार 600 दिव्यांग मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 2 हजार 38 मतदाता हैं।

**मतदाता जागरुकता 2**

उधर, टिहरी जिले में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन विशेष योजना के तहत काम कर रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में टिहरी जिले की 6 विधानसभा सीटों पर औसतन 48 प्रतिशत ही मतदान हुआ था, जिसे इस बार 70 प्रतिशत तक ले जाने का प्रशासन ने लक्ष्य रखा है। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदान शपथ, पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और अन्य मतदाताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए मताधिकार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर बूथ पर होने वाली गतिविधि की उनके कार्यालय से निगरानी की जा रही है। जिस बूथ पर पिछले चुनाव के दौरान कम मतदान हुआ है, उस बूथ की निकटवर्ती बूथ के साथ तुलना, कम मतदान के कारण और मतदान केंद्रों की व्यवस्था को भी परखा जा रहा है। इसके अलावा प्रशासन व्हाट्सएप ग्रुप, मासिक मतदाता ग्रुप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए भी मतदाताओं को जागरूक कर रहा है।

**मतदाता जागरुकता 3**

वहीं, पौड़ी जिले के राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल की छात्राओं ने कल्जीखाल बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों से मतदान करने की अपील की। कल्जीखाल बाजार से रैली निकालते हुए छात्राओं ने संदेश देते हुए कहा कि आगामी 19 अप्रैल को देश के लोकतन्त्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक की समान भागीदारी अनिवार्य है। इस अवसर पर स्वीप की नोडल अधिकारी डॉ. निशा चौहान ने सभी नागरिकों से 19 अप्रैल को मतदान कर देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

**भाजपा–कांग्रेस प्रचार**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में चुनावी पार्टियों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में आज गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी ने चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में रोड शो कर जनता से समर्थन मांगा। वहीं, गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार गणेश गोदियाल ने पौड़ी के दुगड्डा क्षेत्र में प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए रोड शो किया और जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय में भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित ''ईट राइट–मिलेट मेले'' का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लगे मिलेट स्टॉलों का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने

कहा कि खाना हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह बेहद जरूरी है कि हमारा खान–पान संतुलित हो। उन्होंने कहा कि ईट राइट जैसे अभियान को एक आंदोलन बनाने की जरूरत है जो सुरक्षित, स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार शरीर को मजबूत बनाता है और रोगों से लड़ने के लिए उसकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। राज्यपाल ने कहा कि हमें स्वस्थ रहने के लिए अपने आहार में मिलेट या श्री अन्न को प्राथमिकता देनी होगी। आज प्रोसेस्ड और पैक्ड फूड आइटम्स के जरिए मिलेट्स स्टोर्स और मार्केट तक पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ही देश में "श्रीअन्न" पर काम करने वाले 500 से ज्यादा स्टार्टअप्स भी बने हैं और स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाएं भी मिलेट्स के उत्पाद बना रहीं हैं।

**<u>अंतरिक्षयान पुश्पक</u>**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज सुबह कर्नाटक में चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज पर अपने 'रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल' पुष्पक की सफलतापूर्वक लैंडिंग की। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक संदेश में अंतरिक्षयान के पूरी तरह से ऑटोमेटिक मोड में संचालन, लैंडिंग और ईंधन प्रबंधन के लिए टीम को बधाई दी। चेल्लाकीरे में आज इसरो द्वारा दोबारा इस्तेमाल योग्य अंतरिक्षयान का दूसरा प्रयोग यशस्वी रहा। अंतरिक्षयान पुष्पक द्वारा पूर्व निर्धारित योजना के तहत अपना कार्य सुनिश्चित किया। यान में लगे सभी रडार, नेविगेशन सिस्टम, सेंसर, ब्रेक, पैराशूट, लैंडिंग गियर ने सुयोजित ढंग से काम किया जिससे यान अपनी गति कम करते हुए रनवे का सही अनुमान लगाते हुए हवाई जहाज की तरह उत्तर पाया। ऊंचाई और तेज रफ्तार का अनुमान लगाते हुए जब 6 दशमलव 5 मीटर लंबा यान रनवे पर उतरा, तो इसरो विज्ञानी खुशी से झूम पड़े और एक दूसरे को बधाई दी।